कार्यालय आयुक्त,
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास,
डी–ब्लॉक, इंद्रावती भवन नया रायपुर छत्तीसगढ़
Phone No. 0771-2263708, Fax No.–2262558, www.cg.tribal.gov.in, Email- prayas.ctd@gmail.com

क्रमांक / 134 / प्रयास / 2023–24 / 1857 नवा रायपुर, दिनांक 25/05/2023

## संक्षिप्त विज्ञप्ति

**नवीन प्रयास आवासीय विद्यालयों (अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) में विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु सूचना का प्रकाशन (सत्र 2023–24)**

––000––

संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो राज्य के किसी भी शासकीय / अशासकीय विद्यालयों से कक्षा 8वीं उत्तीर्ण प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ–साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सघन तैयारी कराया जाना है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु राज्य में नवीन बालक एवं कन्या प्रयास आवासीय विद्यालय सत्र 2023–24 से संचालित किया जाना है।

**वर्ष 2023–24 में इन विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा एवं** प्रवेश के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने संबंधी महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नानुसार है :–

| क्र | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभ तिथि | 31 मई 2023 |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि | 12 जून 2023 (रात्रि 12:00 बजे तक) |
| 3 | ऑनलाईन भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार | 13 जून से 15 जून 2023 तक (रात्रि 12:00 बजे तक) |
| 4 | प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि | 25 जून 2023 दिन रविवार (प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक) |
| 5 | ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु लिंक | https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail |

उक्त संबंध में आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in एवं जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास / परियोजना प्रशासक कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

(शम्मी आबिदी)
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास,
अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ

D/Nishad/Pravesh Niti 2023-24-SC-OBC

कार्यालय आयुक्त,
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास,
डी–ब्लॉक, इंद्रावती भवन नया रायपुर छत्तीसगढ़

Phone No. 0771-2263708, Fax No.–2262558, www.cg.tribal.gov.in, Email- prayas.ctd@gmail.com

क्रमांक / 134 / प्रयास / 2023–24 / 1855 नवा रायपुर, दिनांक 25 / 05 / 2023

**विषय :– नवीन प्रयास आवासीय विद्यालयों (अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) में विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु सूचना का प्रकाशन (सत्र 2023–24)**

## –::प्रवेश नीति::–

संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो राज्य के किसी भी शासकीय/अशासकीय विद्यालयों से कक्षा 8वीं उत्तीर्ण प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ–साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सघन तैयारी कराया जाना है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु राज्य में नवीन बालक एवं कन्या प्रयास आवासीय विद्यालय सत्र 2023–24 से संचालित किया जाना है।

**1. नवीन प्रयास आवासीय विद्यालयों का विवरण:–**वर्तमान में प्रदेश के **अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग** के विद्यार्थियों हेतु राज्य में निम्नांकित **नवीन प्रयास आवासीय विद्यालयों** के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु स्वीकृत सीट का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र. | संस्था/जिला | कक्षा | सीट संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति नवीन प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, पाटन जिला–दुर्ग | 9वीं | 125 |
| 2 | अनुसूचित जाति नवीन प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, जिला–रायपुर | 9वीं | 125 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग नवीन प्रयास बालक आवासीय विद्यालय, जिला–रायपुर | 9वीं | 125 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग नवीन प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, जिला–बिलासपुर | 9वीं | 125 |
| योग | | | **500** |

**2 योजना अंतर्गत शामिल क्षेत्र :–**

इन विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु वर्ष 2022–23 में छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त शासकीय/अशासकीय संस्थाओं से कक्षा 8वीं उत्तीर्ण/अध्ययनरत (केवल अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग) के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

**3 प्रवेश में आरक्षण –**

**(अ)** नवीन प्रयास आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु निर्धारित सीट संख्या का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | वर्ग | कक्षा | निर्धारित सीट संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति (बालक) | 9वीं | 125 |
| 2 | अनुसूचित जाति (कन्या) | 9वीं | 125 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग (बालक) | 9वीं | 125 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग (कन्या) | 9वीं | 125 |

(ब) विशेष परिस्थिति वाले विद्यार्थियों के लिए सीट का आरक्षण :–

| क्र. | वर्ग | आरक्षित सीट संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | अनुसूचित जाति वर्ग हेतु | अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु |
| 1. | दिव्यांग विद्यार्थी | 06 | 06 |
| 2. | दिव्यांग माता–पिता के बच्चे | 03 | 03 |
| 3. | अनाथ बच्चे | 03 | 03 |
| 4. | विधवा माता के बच्चे | 03 | 03 |
| 5. | परित्यकता महिला के बच्चे | 03 | 03 |
| 6. | देश की रक्षा करते हुए या अपने कर्त्तव्य निर्वहन करते समय पुलिस/अर्द्धसैनिक बल/सशस्त्र बल/सैनिक के शहीद बच्चे | 07 | 07 |
| | **योग** | **25** | **25** |

**टीपः– उपरोक्त विशेष परिस्थिति वाले बच्चों के लिए आरक्षित विभिन्न वर्गों में बच्चे न मिलने पर विशेष वर्ग में ही आपस में परिवर्तनीय होगा। जिसका निर्धारण प्रवेश समिति द्वारा किया जाएगा। विशेष वर्ग के अंतर्गत परिवर्तन के माध्यम से सीट रिक्त रह जाने की स्थिति में अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से भरी जाएगी।**

**4 कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु पात्रता की सामान्य शर्ते/मापदण्ड :–**

**(i)** प्रवेश के समय विद्यार्थी कक्षा 8वीं प्रथम श्रेणी/समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना चाहिए।
**(ii)** छ0ग0. राज्य का मूल निवासी होना चाहिए। (स्थायी मूल निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें)
**(iii)** छ0ग0. राज्य द्वारा अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का हो। (स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें)
**(iv)** विद्यार्थी को अन्य किसी विद्यालय से निष्कासित ना किया गया हो।
**(v)** शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र या शाला छोड़ने का प्रमाण पत्र।
**(vi)** विद्यार्थी की मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र।
**(vii)** सिकलसेल जांच का प्रमाण पत्र।

**5 विद्यार्थियों के लिए चयन प्रक्रिया :–**

i. नवीन प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा हेतु यथा समय विज्ञप्ति राज्य/जिला स्तर पर प्रकाशित करायी जाएगी।
ii. सभी नवीन प्रयास विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। वर्ष 2023–24 में कक्षा 8वीं उत्तीर्ण/परीक्षा में शामिल विद्यार्थी विभाग द्वारा प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।
iii. विद्यार्थियों का चयन वर्गवार मेरिट के आधार पर किया जाएगा। मेरिट सूची में सामान अंक होने पर जन्मतिथि में वरिष्ठता को प्राथमिकता दी जावेगी। (अर्थात् आयु में जो विद्यार्थी बड़ा होगा उसे प्राथमिकता दी जावेगी)
iv. विज्ञापन में प्रकाशित विवरण एवं शर्तों के अनुसार विद्यार्थी को अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
v. विद्यालय का आबंटन चयनित विद्यार्थियों द्वारा अर्जित मेरिट तथा उनके द्वारा दिए गए विकल्प के प्राथमिकता क्रम से सीट उपलब्धता अनुसार किया जाएगा। इस हेतु विद्यार्थी या उसके पालक से विद्यालय में प्रवेश हेतु प्राथमिकता का विवरण लिखित में लिया जायेगा।

**6 शिक्षा का माध्यम एवं अध्यापन** :– विद्यालय में शिक्षण का माध्यम हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा में होगा। विद्यालय में छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित पाठ्यक्रम लागू होगा। अध्यापन एवं कोचिंग का कार्य **''रूचि की अभिव्यक्ति''** के तहत आऊटसोर्स से चयनित कोचिंग संस्था द्वारा कराया जाएगा।

**7 परीक्षा केन्द्र का कोड एवं रोल नंबर आबंटन** :– प्रवेश परीक्षा मे शामिल होने वाले विद्यार्थियों को सात अंको का रोल नबर दिया प्रदान किया जायेगा। प्रथम अंक संभाग को प्रदर्शित करेगा, द्वितीय अंक जिले के कोड को प्रदर्शित करेगा तृतीय और चतुर्थ अंक परीक्षा केन्द्र को प्रदर्शित करेंगे शेष तीन अंक विद्यार्थी का रोल नंबर होगा।

**रोल नंबर हेतु** :–

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

- संभाग एवं जिला हेतु निम्नानुसार कोड आबंटित किया गया है :–

| संभाग का नाम | जिला का नाम | कोड |
|---|---|---|
| 1. सरगुजा | कोरिया | 11 |
| | सूरजपुर | 12 |
| | सरगुजा | 13 |
| | जशपुर | 14 |
| | बलरामपुर | 15 |
| | मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर | 16 |
| 2. बस्तर | कांकेर | 21 |
| | जगदलपुर | 22 |
| | नारायणपुर | 23 |
| | बीजापुर | 24 |
| | दंतेवाड़ा | 25 |
| | सुकमा | 26 |
| | कोण्डागांव | 27 |
| 3. दुर्ग | दुर्ग | 31 |
| | बालोद | 32 |
| | मोहला–मानपुर–अं0 चौकी | 33 |
| | खैरागढ़–गंडई–छुईखदान | 34 |

| संभाग का नाम | जिला का नाम | कोड |
|---|---|---|
| | बेमेतरा | 35 |
| | राजनांदगांव | 36 |
| | कबीरधाम | 37 |
| 4. बिलासपुर | बिलासपुर | 41 |
| | गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही | 42 |
| | कोरबा | 43 |
| | रायगढ़ | 44 |
| | मुंगेली | 45 |
| | सक्ती | 46 |
| | सारंगढ़–बिलाईगढ़ | 47 |
| | जांजगीर–चांपा | 48 |
| 5. रायपुर | रायपुर | 51 |
| | धमतरी | 52 |
| | गरियाबंद | 53 |
| | महासमुंद | 54 |
| | बलौदाबाजार | 55 |
| | | |

**8 प्रश्न पत्र का पैटर्न :–** कक्षा 8वीं स्तर के प्रश्न होंगे। जिसके विषय एवं अंकों का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र. | विषय | अंक |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञान | 20 |
| 2 | गणित | 20 |
| 3 | सामाजिक विज्ञान | 20 |
| 4 | मानसिक योग्यता परीक्षा | 10 |
| 5 | हिन्दी | 10 |
| 6 | अंग्रेजी | 10 |
| 7 | छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान | 10 |
| | कुल | 100 |

- **प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे।**
- **सही उत्तर को विद्यार्थी द्वारा ओ.एम.आर. सीट के निर्धारित स्थान पर स्वयं निर्देशित निशान लगाना होगा।**
- **ओ.एम.आर. सीट को गलत भरने या उसमें कांट छांट करने पर विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।**
- **ओ.एम.आर. सीट पर किसी प्रकार का सुधार मान्य नही होगा।**

**9 आवेदन पत्र भरने का तरीकाः–** प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र का प्रारूप इस विज्ञप्ति के साथ संलग्न है। आवेदन पत्र में चाही गई जानकारी सही–सही भरी जाये। आवेदन पत्र में गलत जानकारी पायी जाने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा जिसके लिए कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। आवेदन पत्र के साथ वांछित अभिलेख अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाये।

**10. शाला में प्रवेश / काउंसलिंग के समय अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेज / अभिलेखों की सूची :–**

- छत्तीसगढ राज्य के निवासी होने का सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण पत्र।
- सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र।
- वर्ष 2022–23 में कक्षा 8वीं उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र।
- शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र या शाला छोड़ने का प्रमाण पत्र।
- विद्यार्थी की मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र।
- सिकलसेल जांच का प्रमाण पत्र।

11 परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण तिथियाँ :–

| क्र | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभ तिथि | ...31... मई 2023 |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि | ...12 जून 2023 (रात्रि 12:00 बजे तक) |
| 3 | ऑनलाईन भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार | ...13 जून से ...15... जून 2023 तक (रात्रि 12:00 बजे तक) |
| 4 | प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि | 25 जून 2023 दिन रविवार (प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक) |
| 5 | ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु लिंक | https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail |

मूल्यांकन पश्चात् वर्गवार मेरिट सूची विभागीय **वेबसाईट tribal.cg.gov.in/eklavya.cg.nic.in** पर अपलोड की जावेगी। तद्नुसार मेरिट क्रम में प्रयास विद्यालयों में प्रवेश दिये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

**(शम्मी आबिदी)**
**आयुक्त**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास,
अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ

पृ. क्रमांक / 134 / प्रयास / 2022–23 / 1856 नवा रायपुर, दिनांक 25/05 / 2023

**प्रतिलिपिः–**

1. **सचिव,** छ.ग. शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, महानदी भवन, मंत्रालय नवा रायपुर (छ.ग.)।
2. **कलेक्टर,** जिला– ....................................(छ.ग.) की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. **केन्द्र निर्देशक,** NIC, महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर। कृपया NIC द्वारा डेव्लप किये गये ऑनलाईन आवेदन फॉर्म के आधार पर आवेदन पंजीयन करने हेतु जारी किया जा रहा है। इस संबंध में विभाग द्वारा जारी किया गया प्रवेश नीति वर्ष 2023–24 संलग्न है। अनुरोध है कि राज्य, जिला एवं विद्यालय स्तर तक के लिए विभिन्न प्रकार के रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध कराते हुए फील्ड स्तर पर ऑनलाईन आवेदन में किसी भी प्रकार की तकनीकी दिक्कत आने पर तत्काल निराकरण कराने हेतु समर्पित डेव्लपर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। ऑनलाईन आवेदन को https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail पर आज ही एक्टिवेट करें।
4. **परियोजना प्रशासक एकीकृत,** आदिवासी विकास, परियोजना ...................... जिला..........................की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. **सहायक आयुक्त,** आदिवासी विकास, जिला –.............................. (छ.ग.) को निर्देशित किया जाता है कि अपने जिला स्तर पर भी प्रचार–प्रसार करावें एवं स्कूलों तक सूचना भेजवाएं। सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. **प्रशासकीय अधिकारी,** प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालय, रायपुर, दुर्ग, सरगुजा, जशपुर, कोरबा, बस्तर, कांकेर एवं बिलासपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।

**आयुक्त**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर (छ0ग0)

D/Nishad/Pravesh Niti 2023-24-SC-OBC

## अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु (ऑनलाईन) आवेदन पत्र

वर्तमान का पासपोर्ट साईज फोटो हस्ताक्षर सहित

1 विद्यार्थी का नाम :— ..............................................................................

2 पिता का नाम :— ..............................................................................

3 माता का नाम :— ..............................................................................

4 जन्मतिथि :— | D | D | M | M | Y | Y | Y | Y |

5 मों नं. | | | | | | | | | | |

6 लिंग (पुरूष / महिला / ट्रांसजेण्डर) :—

7 जाति / वर्ग (अनुसूचित जाति / अन्य पिछड़ा वर्ग :— ..............................................................................

8 निवासी जिला :— ..............................................................................

9 पत्र व्यवहार का पूर्ण पता :— ..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

10 वर्ष 2022—23 में कक्षा 08 वीं बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण का प्रमाण पत्र संलग्न करें (यदि परीक्षाफल घोषित नहीं हुआ है तो प्रधान पाठक / प्राचार्य द्वारा कक्षा 8वीं में अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र संलग्न करें) :—

11 विशेष परिस्थिति वाले विद्यार्थियों के लिए सीट का आरक्षण :— इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

| क्र. | वर्ग | आरक्षित सीट संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | अनुसूचित जाति वर्ग हेतु | अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु |
| 1. | दिव्यांग विद्यार्थी | 06 | 06 |
| 2. | दिव्यांग माता—पिता के बच्चे | 03 | 03 |
| 3. | अनाथ बच्चे | 03 | 03 |
| 4. | विधवा माता के बच्चे | 03 | 03 |
| 5. | परित्यकता महिला के बच्चे | 03 | 03 |
| 6. | देश की रक्षा करते हुए या अपने कर्त्तव्य निर्वहन करते समय पुलिस / अर्द्धसैनिक बल / सशस्त्र बल / सैनिक के शहीद बच्चे | 07 | 07 |
| | **योग** | **25** | **25** |

**टीपः—_उक्त प्रवेश परीक्षा में समस्त छ.ग. राज्य के अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के जो वर्ष 2022—23 में कक्षा 8वीं उत्तीर्ण / परीक्षा में शामिल छात्र—छात्रा हो सकेंगे।**

## वर्ष 2023–24 में नवीन प्रयास (SC/OBC) आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु प्रधानपाठक/प्राचार्य का सत्यापन

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/कुमारी.............................................. पिता.................................................. वर्तमान में ....................................................................... विद्यालय के कक्षा 8वी में वर्ष 2022–23 में अध्ययनरत है। यह विद्यालय ग्राम .......................................ग्राम पंचायत...................................विकास खण्ड.......................................... जिला.....................................में संचालित है। विद्यार्थी द्वारा आवेदन पत्र पर दी गई जानकारी सत्य एवं सही है।

प्राचार्य/प्रधानपाठक का पदमुद्रा
सहित हस्ताक्षर

---

## अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को नवीन प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में (ऑनलाईन) प्राक्चयन परीक्षा

## प्रवेश पत्र (सत्र 2023–24)

श्री/कुमारी ....................................... पुत्र/पुत्री श्री ...................................................... को नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय जिला–रायपुर, दुर्ग एवं बिलासपुर में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र ........ .......................... [ | | | | | | | ] को रोल नं. नंबर आबंटित करते हुए परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाती है।

**क्रमांक/दिनांक :** ................................

**हस्ताक्षर पदमुद्रा सहित**

---

## –::पालक/अभिभावक का स्व–घोषणा पत्र::–

मैं पालक/अभिभावक यह घोषणा करता हूं कि नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु जारी प्रवेश परीक्षा हेतु जारी प्रवेश नियमावली का अध्ययन कर लिया है। मेरे पुत्र/पुत्री हेतु भरे हुए आवेदन पत्र में दी गई जानकारी पूर्णतः सत्य एवं सही है। गलत या भ्रामक जानकारी पाए जाने पर हमारे द्वारा भरे आवेदन पत्र को निरस्त किया जा सकता है।

**छात्र/छात्रा का हस्ताक्षर**

पालक/अभिभावक का हस्ताक्षर

# आवेदन पत्र की पावती

श्री / कुमारी ...................................... पुत्र / पुत्री श्री ..................................................... का आवेदन पत्र नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं में प्रवेश / चयन परीक्षा 2023–24 हेतु दिनांक ......................को प्राप्त हुआ।

कमांक / दिनांक : ................................

हस्ताक्षर प्राप्तकर्ता एवं
पदनाम / पदमुद्रा

आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज / अभिलेखों की सूची :–

| क्रं. | अभिलेखो की सूची | संलग्न कर (सही का चिन्ह) अंकित करे |
|---|---|---|
| 1 | छत्तीसगढ राज्य के निवासी होने का सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र। | |
| 2 | सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र | |
| 3 | वर्ष 2022–23 में कक्षा 8वीं उत्तीर्ण / परीक्षा में शामिल होने संबंधी प्रधान पाठक द्वारा जारी प्रमाण पत्र | |
| 4. | विशिष्ट आरक्षण की पात्रता रखने पर सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र | |
| 5. | शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र या शाला छोड़ने का प्रमाण पत्र। | |
| 6. | विद्यार्थी की मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र। | |
| 7. | सिकलसेल जांच का प्रमाण पत्र। | |

**टीपः–सक्षम प्रमाण प्रस्तुत नही करने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा। इस हेतु किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नही किया जावेगा।**